Title: Need for setting up of High Power T.V. Transmitter at Saharsa, Bihar.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (सहरसा) : अध्यक्ष जी, मेरा संसदीय क्षेत्र सहरसा (बिहार) अत्यंत पिछड़ा क्षेत्र है। वह नेपाल की सीमा पर अवस्थित है। उस क्षेत्र के लोगों को दूरदर्शन के कार्यक्रम देखने की सुविधा नियमित रूप से नहीं मिल रही है। उस क्षेत्र में जो एल.पी.टी. दूरदर्शन केन्द्र स्थापित है उसके कार्यक्रम को नेपाल एवं बंगला देश के उच्च शक्ति दूरदर्शन केन्द्र बाधित कर देते हैं। वर्ष 1997-98 में भारत सरकार द्वारा सहरसा में उच्च शक्ति का दूरदर्शन केन्द्र स्थापित करने की स्वीकृति हुई थी, लेकिन अभी तक उसका निर्माण शुरू नहीं किया गया है।

आग्रह है कि सरकार सहरसा में शीघ्र एच.पी.टी. दूरदर्शन केन्द्र स्थापित कराये।